टाइम्स ऑफ़ पीडिया

TIMES OF PEDIA

ٹائمس آف پیڈیا

अनोखे अंदाज़ और निराले तेवर के साथ इंसाफ़ की डगर पर

NEW DELHI Page 12 Price Rs. 3.00

www.timesofpedia.com

WEEKLY HINDI, ENGLISH, URDU

WED 04 MARCH - TUE 10 MARCH 2026 | VOL. 14. ISSUE 10 | RNI No. DELMUL/2012/47011

मध्य पूर्व में बदलती स्थिति के बीच भारत पूरी तरह तैयार - ऊर्जा आपूर्ति मज़बूत



नई दिल्ली: मध्य पूर्व में उथल-पुथल की स्थिति और वैश्विक ऊर्जा स्थिति में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने मौजूदा परिस्थितियों में देश की तैयारियों के बारे में मीडिया को अवगत कराया।

जानकारी के अनुसार-भारत वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा आयातक, चौथा सबसे बड़ा शोधक और पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है। देश में कच्चे तेल और पेट्रोल, डीजल और एटीएफ सहित प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार है, जिससे मध्य पूर्व से उत्पन्न होने वाली अल्पकालिक समस्याओं का निदान किया जा सके। यह भी बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाकर अपनी आबादी के लिए ऊर्जा की उपलब्धता और सामर्थ्य सुनिश्चित की है। भारतीय ऊर्जा कंपनियों के पास अब ऐसे ऊर्जा स्रोतों तक पहुंच है जो होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर नहीं गुजरते। ऐसे कार्गो उपलब्ध रहेंगे और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान आपूर्ति में अस्थायी रूप से होने वाली रुकावटों को दूर करने में मदद करेंगे। देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और स्टॉक की स्थिति पर लगातार नज़र रखने के लिए मंत्रालय ने ख्ब्मस्त्र नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। वर्तमान में, सरकार के पास पर्याप्त स्टॉक है। भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लगातार निगरानी के आधार पर, सरकार को उम्मीद है कि यदि आवश्यक हुआ तो स्थिति को और सुधारने के लिए चरणबद्ध तरीके अपनाए जा सकते हैं।

सरकार ने अपने पक्ष में कहा कि भारत ने ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों को विविध बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके अलावा रणनीतिक भंडारण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। सरकार का कहना है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दीर्घकालिक योजना के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही देश की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने के लिए सभी संभावित विकल्पों पर ध्यान दिया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत को संतुलित और दूरदर्शी नीति अपनानी होगी। उनका कहना है कि ऊर्जा के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से निवेश बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

डीटीसी बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत, इलाक़े में अफरा-तफरी

नई दिल्ली: (टॉप ब्यूरो) राजधानी के निहाल विहार क्षेत्र में सोमवार सुबह हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गई। तेज रफ्तार दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस की चपेट में आने से रविकांत शर्मा और कमलजीत शर्मा की जान चली गई। इस घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार रविकांत शर्मा परिवहन से जुड़ा काम करते थे और सोमवार सुबह स्कूटी से अपने कार्यस्थल के लिए निकले थे। उनके बड़े भाई शशिकांत भी उसी मार्ग से अपनी फैक्ट्री जा रहे थे। रास्ते में दुर्घटनास्थल पर रविकांत की स्कूटी पड़ी देखकर उन्हें शंका हुई। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर दुर्घटना की जानकारी मिली। शशिकांत ने अपने छोटे भाई की पहचान उसके जूतों से की। गंभीर रूप से घायल रविकांत को स्थानीय लोगों की मदद से ई-रिक्शा द्वारा सत्यभामा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें महाराजा अग्रसेन अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविकांत अपने पीछे पत्नी और पांच वर्ष की एक बेटी को छोड़ गए हैं।

केजरीवाल प्रकरण की सुनवाई कर रहीं न्यायाधीश पर 'आप' ने उठाए प्रश्न

नई दिल्ली: (टॉप ब्यूरो) कथित मद्य नीति घोटाले से जुड़े प्रकरण की सुनवाई कर रहीं उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को लेकर आम आदमी दल ने गंभीर प्रश्न उठाए हैं। दल ने पूछा है कि न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा का भारतीय जनता दल से क्या संबंध है। यह प्रश्न दल के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में उठाया।

उल्लेखनीय है कि कथित मद्य नीति घोटाले के मामले में विचारण न्यायालय ने ख्त्र फरवरी को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित सभी ख्फ आरोपितों को आरोपमुक्त कर दिया था। इसके बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। इस याचिका की सुनवाई न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ कर रही है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रारंभिक स्तर पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को कुछ राहत प्रदान की। इसके बाद भारतीय जनता दल के कुछ नेताओं के बयान सामने आए, जिनमें कहा गया कि इस मामले में अभी बहुत कुछ शेष है। इन्हीं बयानों के आधार पर आम आदमी दल ने न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर प्रश्न उठाए हैं।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब प्रकरण अभी न्यायालय में विचाराधीन है, तब किसी राजनीतिक दल के नेताओं का यह कहना कि आगे क्या होने वाला है ।

पश्चिम एशिया पर भारत और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति, जिसमें ऊर्जा संबंधी मुद्दे भी शामिल थे, पर विचार-विमर्श किया। दोनों नेताओं ने भारत और दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा की। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की।

Editor/Owner/Printer/Publisher: Ali Aadil Khan, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-l, Jamia Nagar, Okhla, ND - 25. ***Printed at:*** Shobi Offset Press, 2818, Gali Gadhiaiya, Kuchachalan, Daryaganj, ND. -2

ईरान - अमेरिका तनाव का भारत पर भयानक असर

Ali Aadil Khan
Editor

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता तनाव केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है — इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, सुरक्षा और विदेश नीति पर पड़ सकता है।

भारत अपनी लगभग 85-90 % कच्चे तेल की ज़रूरत आयात से पूरी करता है। अगर ईरान-अमेरिका टकराव बढ़ा जो कड़ी के देशों पर भी असर डालेगा और होर्मुज़ जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) बाधित हुआ, तो कच्चे तेल की कीमतों में तेज़ उछाल तय है।

होर्मुज़ जलडमरूमध्य एक बहुत संकरा समुद्री रास्ता है, जो फारस की खाड़ी (Persian Gulf) को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। यह ईरान और ओमान (मुसंदम प्रायद्वीप) के बीच स्थित है।

विशेषज्ञों के मुताबिक तेल में हर $10 की बढ़ोतरी से भारत का GDP ग्रोथ रेट 0.3% घट सकता है . महंगाई दर 0.3-0.4% बढ़ सकती है . करंट अकाउंट डेफिसिट पर दबाव बढ़ेगा, तेल महंगा होगा तो रुपया और कमजोर पड़ेगा. आयात महंगा होगा ईंधन, ट्रांसपोर्ट और रोज़मर्रा की चीज़ों की कीमतें बढ़ सकती हैं. और इसका सीधा असर भारत की आम जनता की जेब पर पड़ेगा। जिसको देश की जनता समझ नहीं रही है, इलाक़े में जंग के नकारात्मक असर से अभी जनता वाक़िफ़ नहीं है.

व्यापार और भारतीय कंपनियों पर असर

हालांकि एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान संकट से भारत की वैश्विक ट्रेडिंग पर अभी तक फिलहाल बड़ा झटका नहीं पड़ा है. लेकिन अगर तनाव लंबा चला, तो निर्यात, शिपिंग लागत और निवेशकों का भरोसा और कारोबार दोनों प्रभावित हो सकते हैं ।

अमेरिका की सख्ती और भारत की कूटनीतिक दुविधा

अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क और 'शैडो फ्लीट' पर नए प्रतिबंध लगाए हैं. इन प्रतिबंधों में भारत से जुड़ी कंपनियों और व्यापार मार्गों का नाम भी आया है, जिससे भारत पर राजनयिक दबाव और बढ़ सकता है. ऊर्जा के क्षेत्र में खरीद और व्यापार नीति जटिल हो सकती है.

सामरिक और रणनीतिक असर

ईरान क्षेत्र में अस्थिरता का सीधा मतलब है मध्य-पूर्व में बसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, चाबहार पोर्ट जैसी रणनीतिक परियोजनाओं पर अनिश्चितता और भारत की क्षेत्रीय कूटनीति पर दबाव.

चाबहार पोर्ट (ईरान) भारत के लिए एक रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक परियोजना थी. लेकिन ईरान पर प्रतिबंध और क्षेत्रीय तनाव के कारण भारत को कई स्तरों पर नुकसान उठाना पड़ा है।

चाबहार का मकसद था पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान, मध्य एशिया और रूस तक व्यापार मार्ग खोलना लेकिन प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार से भारत की रणनीतिक पकड़ कमजोर हुई चीन के ग्वादर पोर्ट (पाकिस्तान) को बढ़त मिली.

दुसरे ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते निवेश में अनिश्चितता बढ़ी फाइनेंसिंग और बैंकिंग चैनल जटिल हो गए भारत को कई बार परियोजना की गति कम करनी पड़ी इन सब कारणों से भारत की कूटनीतिक स्वतंत्रता सीमित हुई।

तीसरे अगर चाबहार पूरी क्षमता से चलता, तो भारत को मध्य एशिया में बड़ा व्यापारिक लाभ मिलता एक्सपोर्ट, लॉजिस्टिक्स और एनर्जी ट्रेड बढ़ता लेकिन देरी के कारण संभावित अरबों डॉलर का व्यापारिक अवसर हाथ से निकल गया।

इसके अलावा चाबहार भारत के लिए अफगानिस्तान में मानवीय और आर्थिक संपर्क का प्रमुख ज़रिया था. तालिबान के सत्ता में आने और अस्थिरता के बाद भारत का क्षेत्रीय प्रभाव कमजोर हुआ लॉजिस्टिक और डिप्लोमैटिक पहुंच सीमित हुई। जबकि चाबहार योजना में देरी और अनिश्चितता से चीन ने पाकिस्तान-ईरान क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत की भारत की क्षेत्रीय रणनीतिक बढ़त कमजोर पड़ी है . कुल मिलाकर ईरान और खाड़ी के किसी भी देश में अस्थिरता का सीधा नकारात्मक प्रभाव भारत पर पड़ता है.

और अमेरिका , योरोप और चीन हमेशा इसी हिकमत के साथ अपनी सियासी गोटियां चलते हैं जबकि भारत योरोप और अमेरिका पर आँखें बंद करके भरोसा करता है .

चाबहार केवल एक बंदरगाह नहीं था बल्कि यह भारत की रणनीतिक दूरदृष्टि की परीक्षा थी। इस परियोजना में देरी, प्रतिबंध और कूटनीतिक दबाव के बीच सवाल यही है क्या भारत इस प्रोजेक्ट को फिर से अपनी ताक़त बना पाएगा, या यह एक अधूरा सपना बनकर रह जाएगा ?

निष्कर्ष

ईरान-अमेरिका तनाव केवल एक विदेशी संकट नहीं बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था, तेल सुरक्षा और आम जनता की ज़िंदगी से जुड़ा मसला है। अगर यह संघर्ष बढ़ता है, तो भारत को तेल महंगाई, आर्थिक दबाव और कूटनीतिक और सांप्रदायिक संतुलन सभी मोर्चों पर सतर्क रहना होगा। 'राजनीति की इस शतरंज में दांव भले ही बड़े हों, लेकिन हर चाल का असर आम इंसान की ज़िंदगी पर पड़ता है और हमारी लीडरशिप की यही सबसे बड़ी चिंता है, जो दुर्भाग्यवश दिखाई नहीं देती.

ईरान के आईआरजीसी ने अमरीकी और इस्राइली ठिकानों पर 17वां हमला किया

प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर –आईआरजीसी ने आज अमरीकी और इस्राइली ठिकानों पर 17 वां हमला किया। आईआरजीसी की जमीनी सेना ने ईरान पर इस्राइली-अमरीकी हमलों का तीन बड़े अभियानों से जवाब दिया।

आज ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस – 4 के एक और चरण की घोषणा करते हुए आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि इस्राइली-अमरीकी संयुक्त हमलों के तुरंत बाद उसकी जमीनी सेना ने कब्जे वाले क्षेत्रों और अमरीकी ठिकानों पर 230 से अधिक ड्रोन दागे।

आईआरजीसी ने कहा कि एरबिल और कुवैत में अमरीकी सैन्य ठिकानों पर दर्जनों ड्रोन दागे गए हैं और उत्तरी इराक में कई आतंकवादी गुटों के मुख्यालयों को नष्ट किया गया है। ये बच्चों की हत्या करने वाले हमलावरों के खिलाफ आईआरजीसी के बहादुर सैनिकों की पहली कार्रवाई थी।

आईआरजीसी ने दावा किया कि ईरान के जवाबी हमलों ने बहरीन में एक प्रमुख अमरीकी हवाई अड्डे को पंगु बना दिया है और कमान केंद्र नष्ट हो गए हैं। आईआरजीसी के अनुसार, युद्ध के पहले दो दिनों में ईरान के जवाबी हमलों में विभिन्न अमरीकी ठिकानों पर तैनात 680 से अधिक अमरीकी सैनिक हताहत हुए हैं। ईरानी अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि क्षेत्र में अमरीकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना आत्मरक्षा के समान है।

अमरीका ने व्यापक सैन्य अभियान के पहले दस दिनों में ईरान में 5000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए

अमरीका ने व्यापक सैन्य अभियान के पहले दस दिनों में ईरान में 5000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। जबकि लगभग 50 ईरानी नौसैनिक जहाजों को नुकसान पहुँचाया गया है या नष्ट कर दिया गया है। अमरीकी केंद्रीय कमान द्वारा जारी विवरण के अनुसार, 28 फरवरी को शुरू हुए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करने के लिए वायु सेना, नौसेना और मिसाइल प्रणालियों का इस्तेमाल किया गया। अमरीकी केंद्रीय कमान ने कहा कि अभियान के तहत जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें सैन्य कमान और नियंत्रण केंद्र, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर मुख्यालय भवन, खुफिया ठिकाने और एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियाँ शामिल हैं।

क़तर एयरवेज़ की उड़ानों से दोहा में फंसे लगभग एक हज़ार भारतीय पिछले तीन दिनों में भारत लौटे

कतर में भारतीय दूतावास ने बताया है कि दोहा में अल्पकालिक यात्रा पर फंसे लगभग एक हजार भारतीय, पिछले तीन दिनों में कतर एयरवेज की उड़ानों से भारत लौट चुके हैं। दूतावास के अनुसार कतर एयरवेज आज दिल्ली, मुंबई और कोच्चि के लिए तीन उड़ानें संचालित करेगी। साथ ही बताया कि सऊदी वीजा का अनुरोध करने वाले यात्रियों के मामलों को भी देखा जा रहा है।

NOTICE:
Times of Pedia does not guarantee, directly or indirectly, the quality or efficacy of any product or services described in the advertisements or other material which is commercial in nature in this Newspaper. Furthermore, Times of Pedia assumes no responsibility for the consequences attributable to inaccuracies or errors in the printing of any published material from the news agencies or articles contributed by readers. It is not necessary to agree with the views published in this Newspaper. All disputes to be settled in Delhi Courts only.

ईरान ने तेल आपूर्ति रोकी तो अमेरिका करेगा कड़ी सैन्य कार्रवाई: ट्रम्प

वॉशिंगटन : (टॉप ब्यूरो) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि तेहरान होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते तेल आपूर्ति को रोकने की कोशिश करता है तो अमेरिका ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई को और तेज कर सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह संघर्ष उम्मीद से पहले समाप्त हो सकता है।

समाचार सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमरीकी बल पहले ही ईरान की वायुसेना और नौसेना को गंभीर नुकसान पहुँचा चुके हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि युद्ध उनके द्वारा पहले बताए गए चार सप्ताह के समय से भी पहले समाप्त हो सकता है। इस बीच, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने तुरंत

प्रतिक्रिया देते हुए चेतावनी दी कि यदि अमेरिका और इज़राइल के हमले जारी रहते हैं तो वे क्षेत्र से 'एक लीटर तेल' भी बाहर नहीं जाने देंगे।

गार्ड्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि युद्ध कब समाप्त होगा, इसका फैसला वाशिंगटन नहीं बल्कि ईरान करेगा। हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच बयानबाजी भी तेज हो गई है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह टकराव और बढ़ता है, तो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा बाजार दोनों पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने दोनों देशों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान तलाशने की अपील की है, ताकि क्षेत्र में तनाव और बढ़ने से रोका जा सके।

इधर विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि यदि होर्मुज़ जलडमरूमध्य में किसी प्रकार की सैन्य झड़प होती है या तेल आपूर्ति बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज़ उछाल आ सकता है। इसका असर भारत समेत कई तेल आयात करने वाले देशों पर पड़ सकता है। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ने, परिवहन लागत में वृद्धि और वैश्विक व्यापार पर दबाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

कूटनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव वैश्विक राजनीति और सुरक्षा व्यवस्था को और जटिल बना सकता है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका भी अहम मानी जा रही है, ताकि बातचीत और कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में स्थिरता कायम रखी जा सके।

Beyond Bravery and Blame: A Call for Wisdom in Times of War

Najmuddin A Farooqi

Public memory is often short but conscience is not. I was among the first to condemn the attack on Iran; my message circulated in my WhatsApp groups at 3:43 PM on February 28 stands as proof. I did so not out of political alignment, but out of principle. Out of 116 articles I have written 46 in Urdu and 70 in English one idea consistently emerges: human life is sacred.

When I say "human," I mean every human being, regardless of status, nationality, sect, or belief whether a king or the most downtrodden soul. In my view, human life is the most precious trust on earth.

I detest nothing except violence whether physical aggression or verbal hostility. I believe in forgiveness and reconciliation. When I am wrong, I do not hesitate to apologise the moment I realise my mistake. Sadly, such reciprocity is rare. Too often, restraint is mistaken for weakness. Yet I maintain what I have always said, I hate nothing except violence.

Having said that, moral clarity requires intellectual honesty. The ongoing conflict is not a tale of heroism; it is, in many respects, a tragic culmination of strategic miscalculations and political arrogance. What some describe as "bravery" may, in reality, be reckless adventurism. No Arab or Muslim country can be fairly held responsible for the hostility that Iran now faces from multiple quarters or for the degree of diplomatic isolation it experiences today.

For years, Iran has projected its military prowess often with deliberate emphasis on deterrence and regional influence. There is no denying its capabilities. Among sections of the Shia community worldwide, faith in Iranian leadership has, at times, assumed an almost sanctified aura. Social media narratives in recent years have amplified carefully curated images of figures such as Ali Khomeini, portraying him in moments of prayer, humility and benevolence, reinforcing a perception of exceptional piety and moral authority. While personal devotion deserves respect, governance demands more than symbolism. Statesmanship requires prudence, foresight and an acute awareness of consequences.

Everything I have written in the past has been grounded in verifiable facts and supported by references. I rarely express opinions without evidence and I remain accountable for my words. My concern today is not to assign blame for its own sake, but to urge sober reflection. The past nine months have been devastating for Iran. Since the reported precision strikes beginning on June 25, which resulted in the deaths of 20 senior officials, the country has witnessed an unprecedented escalation of turmoil. This was followed by extraordinary mass protests on the streets of Tehran and other major cities, during which thousands were reportedly killed in clashes with security forces.

Now, most tragically, 48 top officials including the Supreme Leader have reportedly fallen victim to this widening conflict. Regardless of political affiliations, such losses constitute a profound national trauma. No nation emerges stronger from the decapitation of its leadership.

Yet even amid grief and uncertainty, we must resist the temptation to embrace exaggerated fears. The notion that Israel will evolve into a so-called "Greater Israel," incorporating the Gulf Cooperation Council (GCC) states, allegedly with identical designs supported by the United States, is more speculative rhetoric than strategic reality.

History demonstrates that wars often end not with maximalist ambitions fulfilled, but with recalibrated boundaries and exhausted societies seeking stability.

As Muslims, our primary concern should not be the triumph of one state over another, but the preservation of life, dignity and regional stability. We should sincerely pray that a pragmatic and progressive leadership emerges within Iran, one capable of introspection rather than defiance for its own sake.

The first task of any new leadership must be honest self-assessment: Where did we go wrong ? Was it in the relentless drum-beating of self-declared invincibility ? Or in neglecting the necessity of constructive engagement with the international community?

True strength lies not in rhetoric, but in wisdom. Not in isolation, but in balanced diplomacy. And not in vengeance, but in safeguarding the lives of one's people. History will judge leaders by the lives they protect, not the slogans they proclaim.

Rising Hate: Rays of Hope

Prof. Ram Puniyani

Communal Hate is the most divisive tool. Roughly the degree of violence is proportional to the prevalence and accentuation of 'Hate'. This in turn leads to polarization and the situation where ghettoisation and accompanying phenomenon become the norm. As we have witnessed the rise of this phenomenon at a rapid pace during the last few decades. The religious minorities in particular feel intimidation leading them to a sense of helplessness and marginalisation. The hate has been constructed through issues of cow, love jihad, and demonization of Muslim kings among others.

A recent study by Centre for Study of Society of Society and Secularism, Mumbai presented by Irfan Engineer, Neha Dabhade and Diya Padalkar goes into details and type of hate Speeches. As per this study the number of Hate speeches declined from 2024 to 2025. They point out that though the total number of these speeches may have come down as per the data base they have used, there may be other sources of data, which cannot be accessed easily. The hate speech begins from the top is amply demonstrated by this meticulous report. The report says, "The highest number of hate speeches was made by Nitesh Rane, Minister of Fisheries and Port Development in the Maharashtra Government (10), followed by Yogi Adityanath, Chief Minister of Uttar Pradesh (6), and Himanta Biswa Sarma, Chief Minister of Assam, and Union Home Minister Amit Shah made five. The Prime Minister, Narendra Modi, made three hate speeches."

In the backdrop of this hate speech starting from the top and percolating down, while assuming more aggressive form, there are few incidents, which can indicate that despite such intense atmosphere of hate, there are series of incidents, which have happened in the recent past which indicate that though the dominant element is to abuse the religious minorities, there are many in the society who are sticking to love and amity for all.

Though there is a prevalence of demonizing religious minorities, there are still many individuals who are sticking to the values of love and amity, still upholding the values of harmony in a multi religious society. For them the Ganga Jamuni Tehzeeb and respect of all religious communities still matters as the core values of their life. This incident we had discussed in the last article, but now we have a better understanding of this incident. In Kotdwar in Uttarakhand, Deepak Kumar is the shining example of this. He manages a Gymnasium. When he heard some Bajrang Dal Activists harassing Vakil Ahmad, he came to intervene. Vakil Ahmad a seventy-year-old man who has been running "Baba School Dress" for the last 30 years. The hooligans confronted him saying how dare he, a Muslim, use the word Baba for his shop as this word is for Hindus. Their level of ignorance won't tell them that the baba word is coming from Persian, used both for Hindus and Muslim seers. Deepak Kumar retaliated by saying that it is the owner's choice as to what name he gives to his shop. When the Bajrang Dalis asked his name Deepak Kumar said Mohammad Deepak, in the deeper traditions of Indian syncretism. Now as he became known Rahul Gandhi invited him and congratulated him. Deepak Kumar is planning a Yatra, 'Insaniyat Yatra' to give the message of peace.

The other major incident giving some hope is from Lucknow University. Within its campus is the Lal baradari Mosque where the Muslim residents of campus used to offer Namaz. Since it is very old and not in a good condition, it has been locked and the residents are offering namaz outside the mosque. When some Muslim students during this month of Ramadan went to offer Namaz there, they were prevented by some other right-wing students from doing so. Remarkably again at this time other students from NSUI, AISA guarded them and they could offer their prayers.

In yet another incident which took place in Jalalpur village under Bommalaramaram mandal in Yadadri Bhuvanagiri district on 15 February, unknown persons entered the Jama Masjid and damaged parts of the structure. Worshippers discovered the incident the next morning when they arrived for prayers. Members of the mosque committee saw the damaged part of the mosque, washroom doors which were destroyed and also the microphone system. Beer bottles were found inside the premises. Several copies of the Holy Qur'an were reportedly scattered in the compound. When this came to be known many Hindu traders reached there and undertook to get the mosque repaired at their expense! Another disturbing event was the blanket distribution in Kareda village in Tonk district of Rajasthan: A former BJP member of parliament, Sukhbir Singh Jaunpuria. While distributing the blankets he asked the name of one of the elderly women. As it turned out she was a Muslim. He took the blanket back and said we don't give this to those who abuse Modi. Three other Muslim women also returned their blankets. This insulting act infuriated others. Later workers from other parties not only condemned him but also gave blankets to the Muslim women

One Hindu woman who calls herself Hindu Sherani, Riddhima Sharma, visited the Gogavir Temple (also called Gogamedi) in Rajasthan She saw a priest there whose name was Hussain. She shouted at him as to how dare he come into the temple to do Jihad. Other devotees objected to this telling her that the temple has the tradition of having a Muslim priest! With so many incidents of love and amity, the dominant atmosphere of hate is very heartening. What does it show? It seems that hate spreaders are dominant but get away due to state patronage. The Indian ethos of love and harmony is still very much there though not as visible. In the prevalent atmosphere where hate mongers have state patronage to the extent that the state Central Government recently funded a meeting of Sanatan Rashtra Shankhnaad, in Bharat Mandapam was given 63 Lakhs. In this event speeches against Muslims where the theme was demand for Hindu Rashtra! All this shows the resilience of Indian ethos which still survives despite the campaigns spreading Hate!

JIH Chief Raises Concern Over Women's Safety, Economic Distress and West Asia Conflict

New Delhi: (TOP Bureau) The President of Jamaat-e-Islami Hind (JIH), Syed Sadatullah Husaini, on Monday expressed concern over rising crimes against women, increasing economic hardships and the escalating military conflict in West Asia. He was addressing the monthly press conference at the headquarters of Jamaat-e-Islami Hind in the national capital.

Referring to the upcoming International Women's Day, Husaini said that while the day celebrates women's achievements, the continuing rise in crimes against women highlights the urgent need to ensure their safety, dignity and equal opportunities. Citing data from the National Crime Records Bureau (NCRB), he said more than 4.45 lakh cases of crimes against women were registered in India in 2022. These included rape, sexual assault, domestic violence, trafficking and cruelty by husbands or relatives. The NCRB recorded over 31,000 rape cases during the year, averaging nearly 85 cases a day. Domestic cruelty alone accounted for more than one-third of all reported crimes against women. Husaini also expressed concern over the issue of missing women and girls, noting that every year several lakh women and adolescents are reported missing across the country, many of whom remain untraced. He said women and girls remain vulnerable to trafficking, forced labour, exploitation and sexual violence, and stressed that protecting women's dignity requires strict laws, swift justice and a strong moral and ethical framework in society. Turning to economic issues, the JIH president said the recent Union Budget 2026–27 has raised concerns about growing economic distress. He said the budget focuses heavily on supply-side incentives while giving insufficient attention to income distribution, employment generation and social protection. Husaini warned that global uncertainties and rising crude oil prices due to tensions in West Asia could put additional pressure on the Indian economy. As India imports more than four-fifths of its crude oil, any geopolitical disruption could lead to higher fuel prices, rising inflation and increased financial pressure on households and small businesses.

He also highlighted challenges in the labour market, saying a large portion of the workforce remains engaged in informal and insecure employment. The rapid expansion of the gig economy, he said, has left many young workers without adequate job security, fair wages or social protection. Speaking on the conflict in West Asia, Husaini expressed concern over the ongoing military confrontation involving the United States, Israel and Iran. He warned that continued escalation could destabilise the wider Middle East and called for restraint and diplomatic engagement. He emphasised that lasting peace and stability in the region can only be achieved through dialogue, respect for sovereignty and adherence to international law.

SUBSCRIPTION FORM
TIMES OF PEDIA

Issue	Subscription Price	Years
52	250/-	1
104	500/-	2
260	1,300/-	5
520	2,600/-	10
--	5,000/-	Life

Name :.....
Address :.....
.....
.....
Email:.....
Contact Phone No.....
for donation ☐ /life ☐ /10 yrs ☐ /5 yrs ☐ subscription
The sum of Rupees..... (Rs...../-)
through cheque/DD No.....dt.....

Fill the above form neatly in capital letters and send it to us on the following address :
Times of Pedia, K-2-A-001, Abul Fazal Enclave-I,
Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025
or email : **timesofpedia@gmail.com**

Also Send us your subscription, membership, donation amount in favour of Times of Pedia, New Delhi
Punjab National Bank,Nanak Pura Branch,
New Delhi-110021
A/C No.1537002100017151, IFS Code : PUNB 0153700



"First, they ignore you, then they laugh at you, then they fight you and then you win."
- Mahatma Gandhi

ADVERTISEMENT TARIFF
TIMES OF PEDIA

Size/Insertion Single	B&W (Rs)	4 Colour (Rs)
Full Page (23.5 x 36.5 cm)	30,000/-	1,00,000/-
A4 (18.7 x 26.5 cm)	20,000/-	60,000/-
Half Page (Tall-11.6 x 36.5 cm)	18,000/-	50,000/-
Half Page (wide-23.5 x 18 cm)	8,000/-	50,000/-
Quarter Page (11.6 x 18 cm)	10,000/-	28,000/-
Visiting Card size (9.5 x 5.8 cm)	3,000/-	10,000/-

MECHANICAL DATA:

Language: English, Hindi and Urdu

Printing: Front and Back - 4 Colours , Inside pages - B&W

No. of Pages: 12 pages (more in future)

Price: Rs. 3/-

Print order: 25,000

Periodicity: Weekly

Material details: Positives/Format of your advertisements should reach us 10 days before printing.

Note: 50% extra for back page, 100% extra for front page

Please Add Rs. 10 for outstation cheques.

50% advance of total add cost would be highly appreciable, in case of one year continue add. Publication cost will reduce 50% of actual cost.

Bank transactions details of TIMES OF PEDIA
Send your subscriptions/memberships/donations etc. (Cheques/DD) in favour of TIMES OF PEDIA New Delhi
Punjab National Bank,Nanak Pura Branch , New Delhi-110021
A/C No.1537002100017151, IFS Code : PUNB 0153700

भारत ने तीसरी बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का ख़िताब जीता

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने विजेता टीम को बधाई दी

नई दिल्ली: (टॉप ब्यूरो) भारत ने इतिहास रचते हुए तीसरी बार आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड ने 256 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था, लेकिन न्यूजीलैंड की टीम 19 ओवरों में मात्र 159 रनों पर ऑल आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने सर्वोच्च चार विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत को यह गौरव प्राप्त है कि वह तीन बार कप जीतने वाला एकमात्र देश है और लगातार दो बार कप जीतने वाली एकमात्र टीम भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे क्रिकेट प्रेमियों को अपार खुशी और गर्व का अनुभव हुआ है और यह विभिन्न क्षेत्रों में हमारे युवाओं की प्रतिभा का प्रमाण भी है। उन्होंने आगे कहा कि इस सामूहिक जीत के लिए प्रत्येक खिलाड़ी, संपूर्ण प्रबंधन और सहायक स्टाफ सर्वोच्च प्रशंसा के पात्र हैं।

अपने संदेश में उपराष्ट्रपति ने कहा कि फाइनल में ऐतिहासिक और शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के तीन खिताब जीतने वाली पहली टीम बनकर देश के लिए गौरव का क्षण बना दिया है। श्री राधाकृष्णन ने पूरी टीम, सहायक कर्मचारियों और लाखों प्रशंसकों को भी शुभकामनाएं दीं जिनके अटूट समर्थन ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को संभव बनाया। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस गौरवशाली जीत का जश्न बड़े गर्व से मना रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि टी 20 क्रिकेट विश्व कप जीतकर भारतीय टीम ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, संयम और आत्मविश्वास का मेल ही जीवन में सफलता का मूल मंत्र है। सोशल मीडिया पर एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए मोदी ने कहा कि यह जीत दर्शाती है कि सही दिशा में किए गए परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने सभी नागरिकों को अपने सपनों को निरंतर और दृढ़ता से पूरा करने की सलाह दी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में टीम के असाधारण प्रदर्शन और जुझारू क्षमता के प्रदर्शन ने देश के लिए गौरव और गर्व की बात है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्व कप में यह विजय दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प, संयम और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा लेने की अपील की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी दल के पूरे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की जुझारू भावना और शानदार खेल ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

भारत की इस ऐतिहासिक विजय के बाद देश के विभिन्न शहरों में खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। कई स्थानों पर लोगों ने मिठाइयाँ बांटी, पटाखे जलाए और तिरंगा लहराकर खिलाड़ियों की इस उपलब्धि का स्वागत किया। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि यह जीत आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट को और अधिक मजबूती देगी तथा युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रतियोगिता में भारतीय दल की सफलता का प्रमुख कारण खिलाड़ियों की अनुशासनपूर्ण तैयारी, संतुलित टीम चयन और मैदान पर सामूहिक प्रयास रहा। बल्लेबाजों ने जहां आक्रामक और जिम्मेदार खेल दिखाया, वहीं गेंदबाजों ने विरोधी टीम को लगातार दबाव में बनाए रखा। क्षेत्ररक्षण में भी खिलाड़ियों ने फुर्ती और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल जगत के जानकारों का कहना है कि इस जीत से भारतीय क्रिकेट की प्रतिष्ठा और अधिक बढ़ी है। यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और देश में खेल के प्रति उत्साह को और मजबूत करेगी। पूरे देश के लिए यह जीत गर्व और आनंद का अवसर बन गई है।

इसी क्रम में खेल विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय दल की यह सफलता केवल एक प्रतियोगिता की जीत भर नहीं है, बल्कि यह देश में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इस विजय ने यह संदेश दिया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सामूहिक प्रयास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि हाल के वर्षों में देश में खेल ढांचे को मजबूत करने, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहा है। इसी कारण भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

क्रिकेट प्रेमियों का भी मानना है कि इस जीत ने देश के युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। कई स्थानों पर युवाओं ने इसे अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा के रूप में देखा है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी खेल गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

ایران پر اسرائیل وامریکہ کا حملہ اور مسلم دنیا

ظفر حسین غزالی

